स्वच्छ भारत मशिन को तीव्रता देने हेतु करें रथ यात्रा का प्रयोग

चर्चा में क्यों?

देश में व्यक्तगित घरेलू शौचालय (Individual Household Latrines-IHHL) कवरेज के मामले में ओडशिा को सबसे नीचे रखा गया है| इस बात पर चिंता जताते हुए केंद्र ने राज्य सरकार से आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान दो पिट वाले वाटर सील शौचालय (Two pit water seal toilets) के उपयोग पर जागरूकता फैलाने का आग्रह किया है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने ओडशिा सरकार को लिखे पत्र में राज्य में स्वच्छ भारत मशिन (SBM) की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कहा है कि स्वच्छ भारत मशिन को आवश्यक गति प्रदान करने के लिये रथ यात्रा एक महत्त्वपूर्ण अवसर हो सकता है|
- मंत्रालय की ओर से लिखे गए पत्र में यात्रा स्थलों पर उच्च स्वच्छता मानकों को लागू करने के लिये कहा गया है और उल्लेख किया गया है कि पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर को पहले ही केंद्र के स्वच्छ आइकॉनिक स्थल के रूप में शामिल किया जा चुका है।
- पत्र में कहा गया है कि यात्रा के दौरान दो पिट वाले शौचालय को लेकर जागरूकता फैलाने से ओडशिा राज्य के सबसे बड़े इस महोत्सव में भाग लेने वाले लाखों ग्रामीण नागरिकों के व्यवहार में खुले में शौच के प्रति बदलाव आएगा|
- मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि राज्य सरकार 2018 की रथ यात्रा को 'स्वच्छ रथ यात्रा' घोषित करे।

ओडशिा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला राज्य

- देश में स्वच्छ भारत मशिन (SBM) के निष्पादन में ओडशिा की स्थिति सबसे खराब रही है।
- 2 अक्तूबर, 2014 को शुरू हुए स्वच्छ भारत मशिन के समय राज्य में केवल 38.08 लाख घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया था और ओडशिा में IHHL कवरेज का अनुमान 57.82% रहा है।
- 58.9% के साथ ओडशिा की तुलना में बिहार में थोड़ा बेहतर कवरेज है। 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने पहले ही 100% IHHL कवरेज हासिल कर लिया है।
- उत्तर प्रदेश जो कि एक बड़ा राज्य है, ने IHHL के साथ 79.14% कवरेज हासिल किया है।
- जहाँ तक खुले में शौच मुक्त (Open Defication Free-ODF) गाँवों का संबंध है, ओडशिा पाँच सबसे ख़राब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है। ओडशिा में केवल 23.42% गाँव खुले में शौच से मुक्त हैं।
- जबकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ पहले ही 100% का लक्ष्य हासिल कर चुका है, ओडशिा के 30 ज़िलों में से केवल दो को ODF घोषित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rath-yatra-to-showcase-swacch-bharat-mission-in-odisha